लोक सभा अध्यक्ष ने ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी।

नई दिल्ली: 10 अप्रैल, 2024: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा,

> “मैं ईद-उल-फितर के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर मैं सभी की शांति, सद्भाव, सुख और समृद्धि के लिए प्रार्थना करता हूं। मेरी कामना है कि यह ईद भाईचारे के बंधन को मजबूत करे और हमें एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए खुद को फिर से समर्पित करने के लिए प्रेरित करे।
>
> ईद मुबारक!"